हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 10 दिसंबर 2025

04 ठेकेदार की मनमानी, आधी रात को शटर के नीचे से ...



08 उपज बेचने के बाद राशि लेने में किसानों को करना पड़ता...





**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया

**विदिशा।** जिला ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेठी) विदिशा में सोमवार से मशरूम की खेती का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम के पहले ही दिन कलेक्टर अंशुल गुप्ता तथा जिपं सीईओ ओपी सनोडिया एवं लीड बैंक अधिकारी बीएस बघेल एवं अन्य अधिकारियों ने संस्थान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण कक्ष में पहुंचकर प्रशिक्षणार्थियों से सवाल-जवाब किए।

## मारपीट के दोषी को मिली सश्रम कारावास की सजा

**विदिशा।** कलेक्टर माननीय न्यायालय रमाकांत भारके मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विदिश द्वारा मारपीट करने वाले आरोपी बृजा उर्फ बृजलाल अहिरवार निवासी ग्राम अंबार थाना ग्यारसपुर को एक वर्ष का सश्रम कारावास सहित 2 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। एडीपीओ गार्गी झा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रकरण में पैरवी अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी जया कथोरिया द्वारा की गई। अभियोजन का मामला यह है कि, फरियादी रामकृष्ण अहिरवार ने 10 दिसंबर 2018 को थाना ग्यारसपुर में मारपीट का प्रकरण दर्ज कराया था। यह विवाद खेत में मिट्टी डालने की बात को लेकर हुई कहासुनी से शुरु होकर मारपीट तक पहुंचा था। आरोपी बृजा अहिरवार ने डण्डा उठाकर उसे दो-तीन डण्डे मार दिये थे।

## छात्रा पलक और शुभम को गुजरात घूमने भेजा

**ग्यारसपुर।** संदीपनी विद्यालय ग्यारसपुर के दो मेधावी विद्यार्थी पलक कुशवाह और शुभम लोधी को गुजरात के प्रमुख पर्यटन एवं विरासत स्थलों के शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया है। यह अवसर उन्हें 2025 की हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रदान किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय एवं स्कूल शिक्षा विभाग की देखरेख में आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी गुजरात की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर, आधुनिक विकास और पर्यटन स्थलों का नज़दीकी अध्ययन करेंगे।

## मंजरी वैश्य फेडरेशन की महिला अध्यक्ष नियुक्त



**विदिशा।** भाजपा नेता मंजरी जैन को इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन में मध्यप्रदेश महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद गोयल ने यह नियुक्ति करते हुए संगठन विस्तार पर जोर दिया है। मंजरी जैन ने इस नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों, उद्देश्यों एवं सेवा भाव को सर्वोपरि रखते हुए समाज की महिलाओं को जोड़ने, सशक्त बनाने और वैश्य समाज के उत्थान हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगी।

### हाईवे में धांधलीः डायवर्सन पक्का बनाना चाहिए, लेकिन बना रहे कच्चा

# एनएच पर फोरलेन के निर्माण में काली मिट्टी से हो रहा अर्थवर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नेशनल हाईवे अथारिटी द्वारा बनाए जा रहे हाईवे निर्माण के अर्थवर्क कार्य में प्रतिबंधित होने के बावजूद काली मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है।

काली मिट्टी का उपयोग किये जाने से हाईवे का अर्थवर्क कमजोर रह जाएगा और यह जल्दी ही क्रेक आएंगे और टूटने लगेगा। नेशनल हाईवे के इंजीनियरों इसे नजरअंदाज कर रखा है। क्योंकि दूसरे प्रकार का मटेरियल लाने में लागत और परिवहन खर्च ज्यादा होगा और वहीं आसपास से ही खोदकर काली मिट्टी का उपयोग करने से बचत हो रही है।

विदिशा से सागर की तरफ फोरलेन हाईवे के निर्माण में ग्यारसपुर के पास काली मिट्टी का डाली गई है। हाईवे के इस फोरलेन सड़क का निर्माण नेशनल हाईवे अथारिटी के प्रोजेक्ट कार्यालय विदिशा के द्वारा कराया जा रहा है।



**विदिशा।** नेशनल हाईवे के द्वारा ग्यारसपुर के पास हाईवे के घटिया निर्माण किया जा रहा है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने घटिया निर्माण पर की सख्त आपत्ति

इस संबंध में नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सिद्धार्थ सिंघई से अमानक मटेरियल का उपयोग किये जाने पर पक्ष जानना चाह तो उन्होने कोई जबाव नहीं दिया। वहीं नेशनल हाईवे के घटिया निर्माण कार्य पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघवंशी ने सख्त आपत्ति ली है। जिपं अध्यक्ष का कहना है कि काली मिट्टी से सड़क में क्रेक आएंगे। सीवीआर मटेरियल का उपयोग अर्थवर्क कार्य में होना चाहिए। इसी तरह डायवर्सन रोड पक्के बनाने का नियम है। लेकिन ठेकेदार कच्चा डायवर्सन बनाकर सरकार को चूना लगा रहे हैं। कई जगह देखा है पुलिया बनाते समय निकली मिट्टी से अर्थवर्क कर रहे हैं।

## डीएफओ ने किया जंगल का औचक निरीक्षण जंगल कटा हुआ मिला दो बीट गार्ड निलंबित

**विदिशा।** वन मण्डलाधिकारी विदिशा हेमन्त यादव द्वारा मंगलवार को वन परिक्षेत्र शमशाबाद का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान बीट करमेढ़ी एवं बीट गोकलपुर में अवैध वृक्ष कटाई का मामला उजागर हुआ। यह देख डीएफओ ने तत्काल संज्ञान लिया। औचक निरीक्षण के समय बीट करमेढ़ी के बीटगार्ड मनोज शर्मा, वनरक्षक तथा बीट गोकलपुर के बीटगार्ड राहुल दांगी, वनरक्षक अपने-अपने मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए। दायित्वों की इस स्पष्ट अवहेलना पर वन मण्डलाधिकारी ने दोनों वनरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वन मण्डल विदिशा ने वन संरक्षण, परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा विभागीय अनुशासन के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए स्पष्ट किया है कि आगामी समय में संबंधित परिक्षेत्रों में निगरानी को और सुदृढ़ किया जाएगा तथा अवैध गतिविधियों एवं लापरवाही पर शून्य सहिष्णुता की नीति के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## रोजगार मेला 10 को

**विदिशा।** युवाओं के लिए 10 दिसंबर को शासकीय आईटीआई गुरारिया हवेली रोड विदिशा में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

# मंत्री बागरी के बर्खास्तगी की मांग, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

### कांग्रेस ने रैली निकाल मंत्री का पुतला फूंका



**विदिशा।** कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के भाई अनिल बागरी को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद कांग्रेस ने विदिशा में रैली निकाल मंत्री बागरी का पुतला दहन किया। इस दौरान मंत्री को बर्खास्त किये जाने की मांग रखी। रामपुर बाघेलन पुलिस ने गांजा जब्त किया है। कांग्रेसियों का आरोप है कि इससे पहले मंत्री के बहनोई की गिरफ्तारी का मामला भी सामने आ चुका है। कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन घटना के विरोध में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विदिशा कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप कांग्रेस के अजा विभाग के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप अहिरवार, कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, वरिष्ठ नेता सुभाष बोहत, अरुण अवस्थी, गोविंद भार्गव, जगन्नाथ अहिरवार, अनीश खान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

### कांग्रेसियों ने रैली निकाली जताया आक्रोश

रैली निकालकर जताया आक्रोश ज्ञापन सौंपने से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए मंत्री से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब किसी मंत्री के परिजन बार-बार गंभीर मामलों में पकड़े जा रहे हों तो निष्पक्ष जांच के लिए संबंधित मंत्री का पद पर बने रहना उचित नहीं है।

### मंत्री का पुतला दहन

मंत्री का पुतला दहन किया गया। इसके साथ ही सौंपे गये ज्ञापन में प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मांग रखी गई है कि मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। पूरे प्रकरण की विशेष निगरानी में जांच सुनिश्चित की जाए। निष्पक्ष जांच हो सके इसके लिए राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी को तत्काल मंत्रिमंडल से हटाया जाए।

# संगोष्ठी आयोजित-समरसता एक शब्द नहीं है यह भारतीय संस्कृति का मूलमंत्र

### दावा है आने वाली पीढ़ी समरस राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने मंगलवार को "समरसता का पथ" विषय पर संगोष्ठी आयोजन की।

खण्ड प्रचारक मनु प्रजापति ने कहा कि "समरसता केवल एक शब्द नहीं, अपितु भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है। जाति, वर्ग, भाषा एवं क्षेत्र से ऊपर उठकर हम सब एक सूत्र में बंधे हैं। नगरमंत्री वेदांत जैन ने अपने विचार रखे जिसमें 600 से अधिक कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने समरसता से जुड़े अपने अनुभव एवं प्रश्न साझा किए। मंच संचालन कुलदीप राजपूत ने किया। इस दौरान भाग संयोजक अभिजीत सप्रे, प्राची




सूर्यवंशी, हर्ष सप्रे, शिवा, सानिध्य, मनीष, नितिन, आदर्श, देवेंद्र, ऋषि, प्रियंका, खुशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एबीवीपी ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि भारतीय समाज को छुआछूत, भेदभाव एवं असमानता से मुक्त कर एक समरस राष्ट्र का निर्माण करने में युवाशक्ति भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं खण्ड प्रचारक मनु प्रजापति तथा एबीवीपी प्रांत कार्यकारणी सदस्य अभिषेक तिवारी ने किया। संगोष्ठी का उद्देश्य समाज में समरसता, समानता और एकता को सशक्त करने हेतु युवा पीढ़ी को दिशा प्रदान करना था।

## मजदूरों का शोषण करनी वाली ठेका प्रथा बंद हो

**विदिशा।** भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष की सरकार से मांग है कि मजदूर और कंपनी का सीधा रिश्ता हो। ठेका प्रथा बंद होना चाहिए। यह बात भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री राजेंद्र नामदेव ने कही। उन्होने कहा ठेका प्रथा ने न केवल मजदूरों के अधिकारों और सुरक्षा को कमजोर किया है, बल्कि स्थायी रोजगार की संभावनाओं को भी समाप्त किया है। ठेका प्रणाली को तत्काल खत्म कर मजदूरों का हक लौटाएं।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 86 आवेदनों का मौके पर ही किया निराकरण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा मंगलवार नौ दिसम्बर को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 154 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। जिसमें से मौके पर 86 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। लंबित शिकायतों निराकरण के लिए भी समय सीमा में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# रेलवे स्टेशन से गुम हुई तीन साल की बालिका, तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सलामतपुर निवासी दंपत्ति की 3 वर्षीय बिटिया विदिशा के रेल्वे स्टेशन से गायब हो गई है। यह घटना 7 अक्टूबर की है और पुलिस ने मामला दर्ज कर मासूम की तलाश के लिए स्पेशल जांच टीम का गठन कर दिया है।

पुलिस के अनुसार मासूम बालिका की तलाश के लिए पुलिस सरगर्मी से जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बालिका अपने दादा दादी के साथ विदिशा आई थी। उसके माता पिता काम के सिलसिले में इंदौर गये हुए हैं। दादा दादी ने स्टेशन पर घूम रहीं तीन महिलाओं पर संदेह भी वक्त किया है। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस बालिका को खोज नहीं सकी है। इतना जरूर तय माना जा रहा है कि पुलिस मामले के काफी निकट पहुंच चुकी है।

इस संबंध में एसपी रोहित काशवानी का कहना है कि गुम हुई बालिका की जांच एसआईटी द्वारा की जा रही है। पुलिस पुरी मुस्तैदी से जांच पड़ताल कर रही है। बालिका को जल्दी ही खोज लिया जाएगा।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### खेती में हो रहा बदलाव और किसान कर रहे हैं नवाचार

# चिया सीड्स और कलौंजी की खेती कर अच्छा खासा मुनाफा कमा कर रहे ग्राम रिनिया के किसान, अब अकरकरा की करेंगे खेती

**सोयाबीन जैसी परंपरागत खेती से हटकर किसानों का रूझान बढ़ रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्राम रिनिया के किसान परंपरागत खेती से हटकर नवाचार कर रहे हैं। कलौंजी और चिया सीड्स की खेती कर किसान आमदनी बढ़ाते हुए नई इबारत लिख रहे हैं।



विकासखंड नटेरन की ग्राम पंचायत रिनिया के कृषकों ने परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए चिया सीड्स एवं कलौंजी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती को बड़े पैमाने पर अपनाया है। प्रेरणा स्त्रोत ग्राम के कृषक का नवाचार बना प्रेरणा स्त्रोत ग्राम रिनिया के प्रगतिशील कृषक यशवंत तिवारी ने बताया कि लगभग 10 वर्ष पूर्व एक कृषक मित्र से मिली प्रेरणा के आधार पर उन्होंने 1 हेक्टेयर क्षेत्र में चिया सीड्स की खेती की शुरुआत की थी।

समय के साथ उन्होंने ग्राम के अन्य कृषकों को भी इस नई फसल योजना से जोड़ा। रकबा 1 से 50 हेक्टेयर तक पहुंचा। श्री तिवारी के अनुसार इस वर्ष रिनिया क्षेत्र में चिया और कलौंजी के रकबे में इजाफा हुआ है। क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी राघवेंद्र अहिरवार एवं अभिषेक जैन के अनुसार एक एकड़ में चिया सीड्स की खेती पर लगभग 15 से 20 हजार रुपये तक की लागत आती है। जबकि उत्पादन का बाजार मूल्य 1 लाख रुपये से अधिक प्राप्त होता है। यशवंत तिवारी ने आगे बताया कि खरीफ 2026 से सोयाबीन जैसी परंपरागत फसलों के स्थान पर वे औषधीय महत्व वाली फसल अकरकरा को शामिल करेंगे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-5220
सरसों
न्यूनतम भाव-5530
उच्चतम भाव-8010
चना
न्यूनतम भाव-4440
उच्चतम भाव- 5571
मसूर
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-6100
ज्वार
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-6000
मक्का
न्यूनतम भाव-1192
उच्चतम भाव- 3010
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3075
धान
न्यूनतम भाव-1176
उच्चतम भाव-3585
गेंहू
न्यूनतम भाव-1750
उच्चतम भाव-3401
उड़द
न्यूनतम भाव-5350
उच्चतम भाव-6290
बटरी
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3420
धनिया
न्यूनतम भाव-6960
उच्चतम भाव-7660
मूंग
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 34795 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### सर्दी में हुई बढ़ोतरी

**गंज बासौदा।** इलाके में सर्दी बढ़ गई है। तापमान में गिरावट के कारण लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। यहां का तापमान 9C तक पहुंच गया है और आने वाले दिनों में और भी गिरावट की संभावना है। इन दिनों सर्दी का प्रकोप तेज होने के कारण स्कूली छात्र, छात्राएं सर्दी में ठिठुरते हुए स्कूल जाने को मजबूर हैं। सुबह से समय छाए घने कोहरे के कारण तापमान में गिरावट आई है तथा सर्दी में इजाफा हुआ है। लोग सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों और अलाव, हीटर का सहारा लेते देखे जा रहे हैं।

### डेंगू-जीका से बचाव हेतु जागरुकता अभियान

**गंजबासौदा।** नगर में डेंगू और जीका वायरस के खतरे को देखते हुए नगर पालिका का स्वास्थ्य विभाग विशेष जागरूकता अभियान शुरू करने जा रहा है। यह अभियान रेलवे स्टेशन सहित नगर के सभी 24 वार्डों में चलेगा। नागरिकों और व्यापारियों को पंपलेट बांटकर दोनों बीमारियों के प्रति सतर्क किया जाएगा। हर साल डेंगू और जीका की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जाता है। अब तक यह प्रयास प्रचार-प्रसार तक सीमित रहे हैं। पिछले साल पास के ग्राम गमाखर में डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले थे।

# किशोरी से दुष्कर्म के मामले में नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। घटना सोमवार शाम की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नाबालिग लड़की शाम के समय कोचिंग गई थी। कोचिंग से लौटते समय नाबालिग लड़का, जो उसे जानता था, उसे घर ले जान के बजाय घूमने के बहाने सुनसान जगह पर ले गया। वहां उसने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने पूरी घटना सुनी इसके बाद वह देहात थाना पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस




ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग लड़के को हिरासत में ले लिया। देहात थाना निरीक्षक मनोज दुबे ने बताया कि एक नाबालिग लड़की के साथ विशेष समुदाय के नाबालिग लड़के द्वारा दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। लड़के और लड़की दोनों की उम्र 17 वर्ष बताई जा रही है। मामले की विधिवत जांच एवं कार्रवाई की जा रही है।

## आबकारी विभाग की अनदेखी और उदासीनता से नागरिकों में रोष व्याप्त

# ठेकेदार की मनमानी, आधी रात को शटर के नीचे से बेची जा रही शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में अहाता बार पूरी तरह से बंद कर दिए गए हैं। जिससे कि नशे की लत से लोगों को कुछ हद तक रोका जा सके। वहीं दूसरी ओर जब से शराब दुकानों की नीलामी के बाद पुनः शराब के ठेके नीलाम हुए हैं, तब से नगर सहित आसपास के क्षेत्र में संचालित शराब दुकानों पर ठेकेदारों द्वारा मनमाने ढंग से दुकानों का संचालन कर शराब का विक्रय किया जा रहा है। शराब ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं उसे न तो आबकारी विभाग का भय है और ही प्रशासन का खौफ।

एक ओर जहां शराब ठेकेदार द्वारा पचमा बायपास मार्ग पर शराब की दुकान के पास ही अहाता का संचालन किया जा रहा है। जहां शराब प्रेमियों को बैठकर शराब पीने की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। वहीं दूसरी ओर हरदूखेड़ी रेल्वे फाटक अंडर पास के उस पार संचालित शराब की दुकान से देर रात्रि को शटर के नीचे से शराब का विक्रय किया जा रहा है। शराब ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा कई लोगों के साथ गाली, गलौंज कर मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है। शराब ठेकेदार के इन सब कारनामों के बारे में आबकारी विभाग को जानकारी होने के बावजूद किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं दूसरी ओर रजोदा गांव में नवीन न्यायालय के आगे दिन दहाड़े अवैध रुप से शराब का विक्रय किया जा रहा है।






उधर नगर के वार्ड क्रमांक 14 इंदिरा नगर क्षेत्र में भी महिलाओं द्वारा घर से अवैध रुप से शराब का विक्रय किया जा रहा है। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में गली, गली में शराब का मिलना युवा पीढ़ी को नशे की लत की ओर ढकेल रहा है। अनेक युवा शराब की लत का शिकार होकर अपने घर बर्वाद कर चुके हैं। जागरुक नागरिकों ने आबकारी विभाग एवं प्रशासन से ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से नियमों को ताक पर रखकर जिस प्रकार शराब का विक्रय किया जा रहा है। उस पर रोक लगाने एवं जुर्माने की कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस बारे में आबकारी उप निरीक्षक रवि शंकर धाकड़ का कहना है कि आपकी सूचना पर हम इसमें जांच कराएंगे। अब हमने रात्रि गश्त भी शुरू कर दी है। अवैध शराब शहर और क्षेत्र में नहीं बिकने देंगे।

## राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में एसजीएस कॉलेज की पलक और कार्तिक चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एमए तृतीय वर्ष की छात्रा पलक राजपूत एवं बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र कार्तिक शर्मा का चयन राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता महिला वर्ग में दिनांक 11 दिसंबर से उज्जैन में आयोजित की जाएगी एवं पुरुष वर्ग में दिनांक 13 दिसंबर से रतलाम में आयोजित की जाएगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. सुमनलता गुप्ता, डॉ. सरिता घेंघट, क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक सिंह, मनीष दुबे, योगेश शिल्पकार सहित समस्त स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## नपाध्यक्ष ने किया मेला स्थल का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को श्री रामलीला मेला के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीम संतोष बिलौटिया एवं तहसीलदार अरविंद कुमार यादव, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने पटवारी सभागृह में एक बैठक का आयोजन किया। तत्पश्चात बरेठ रोड मेला ग्राउण्ड पहुंचकर मेला स्थल का निरीक्षण किया गया। जिसमें नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मेला समिति अध्यक्ष भारती सरदार अहिरवार, मेला प्रभारी रिचा संजय भावसार, संस्कृति प्रभारी नीलू चौबे, धर्मेंद्र कुशवाहा, सुनील साहू, नगर पालिका इंजीनियर सहित अनेक नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण के चलते नीलकंठेश्वर मंदिर जाने वाले श्रद्धालु परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नीलकंठेश्वर मंदिर जो केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीन है। मंदिर पहुंच मार्ग पर राज्य पर्यटन विभाग द्वारा लाखों रुपयों की लागत से दोनों तरफ रास्तों पर पत्थरों से सौंदर्यीकरण करवाया गया था। लेकिन यहां के दुकानदारों ने सौन्दर्यकरण पर अतिक्रमण कर उसको दबा दिया है। इसके अलावा दुकानदारों द्वारा रास्ते में मोटरसाइकिल रखकर दर्शनार्थियों एवं आम लोगों के सामने भी परेशानी खडी की जाती है। जिसके कारण दूरस्थ अंचलों से आने वाले श्रद्धालु एक बार दर्शन करने के बाद पुनः मंदिर दर्शन करने नहीं आना चाहते। यहां के रहवासियों एवं जागरुक नागरिकों ने बताया कि राज्य पर्यटन विभाग द्वारा चार स्तंभ खड़े कर दिए गए हैं, अगर गेट बना देते तो और सुंदरता बढ़ जाती, चार स्तंभ बनाने का क्या तात्पर्य है। यह लोगों के समझ से बाहर है। ग्राम के जागरूक ग्रामीणों ने प्रशासन से मंदिर पहुंच मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।

## रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर पसरा रहा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं लगातार खराब होती जा रही हैं। कहने को तो रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन के रूप में पुनर्निर्मित हो गया है, लेकिन यहां सुविधाओं में बढोत्तरी को दूर पहले जितनी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। कभी साफ सफाई न होने से गंदगी पसरी रहती है तो कभी लावारिस मवेशी प्लेटफार्म पर डेरा जमाए रहते हैं। वहीं प्याऊ के नल तो अधिकांश चोरी ही हो गए हैं। इसके साथ ही बीती रात अचानक रेलवे स्टेशन में विद्युत प्रदाय ठप हो गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 9 बजे प्लेटफार्म नंबर दो और तीन पर रात्रि में अंधेरा छाया रहा। जिससे यात्री परेशान हुए। रेलवे स्टेशन पर मौजूद वहीं एक यात्री ने बताया कि वह रात्रि के समय ट्रेन आने का इंतजार कर रहे थे। अचानक रेलवे स्टेशन पर लाइट चली गई। जिससे पूरे स्टेशन परिसर में अंधेरा छा गया, वहां केवल रोशनी के नाम पर कोच पोजिशन बताने वाले डिस्प्ले ही जल रहे थे। अंधेरे के कारण यात्रियों को असुविधा उठानी पड़ी।

### वरिष्ठता और ई-अटेंडेंस व्यवस्था हटाने की मांग

**गंज बासौदा।** राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों ने सोमवार को अपनी लंबित समस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता देने, पदोन्नति और वेतनमान जैसे लाभों की मांग रखी। राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के पदाधिकारियों ने बताया कि 1 जुलाई 2018 के बाद नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता तिथि अब तक तय नहीं हुई। इससे कई शिक्षक पदोन्नति और अन्य सेवा लाभों से वंचित हैं। संगठन ने मांग की कि सभी को नियुक्ति तिथि के आधार पर वरिष्ठता दी जाए। ज्ञापन में कहा गया कि सरकारी स्कूलों के शिक्षक नियमित रूप से विद्यालयों में उपस्थित रहते हैं। ईमानदारी से काम कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि सरकारी स्कूलों के छात्र प्रावीण्य सूची में लगातार स्थान पा रहे हैं। इसके बावजूद शिक्षकों पर ई-अटेंडेंस व्यवस्था थोपी गई है। इसे अव्यवहारिक बताया गया। कहा गया कि तकनीकी खामियों और नेटवर्क की समस्याओं के कारण यह व्यवस्था मानसिक दबाव बढ़ा रही है। इसे समाप्त करने की मांग की गई। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष राजा भैया गुर्जर एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने मांगों के शीघ्र निराकरण की अपील की।

### यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस ने जय स्तंभ चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी ने बताया कि जांच के दौरान कई दोपहिया वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं पाई गई, जबकि कुछ वाहन चालकों के पास वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। इन सभी पर नियमानुसार जुर्माना लगाया गया। यातायात प्रभारी ने आगे कहा कि शहर में तेज गति से वाहन चलाने वाले और मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वाले बुलेट मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। इसका लक्ष्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाना है। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 12 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 4300 रुपए का जुर्माना वसूला गया। अनेक वाहन चालकों को समझाइश भी दी गई कि नशा करके वाहन न चलाऐं, तेज स्पीड में वाहन न चलाऐं, यातायात नियमों का हमेशा पालन करें, चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट लगाकर ही चलाऐं, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें। वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई।



## गमोलीखेड़ी से गमाखर व परसोरा से गुलाबगंज सड़क बनेगी

# ढाई करोड़ से बनने वाली सड़कों का हुआ भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया है। जो जनमन योजना से आमजन और आदिवासियों का चहुमुंखी विकास करने का पुनीत कार्य कर रहे हैं। गांव-गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। सड़कें ही राष्ट्र और समाज का विकास निर्धारित करती हैं। जिन्हें विकास की धमनियां कहा जाता है। आज केवल दो सड़कों का भूमि पूजन नहीं है बल्कि दर्जनों गांव के हजारों परिवार के भावी भविष्य के विकास की इबादत लिखी जा रही है। जिसके हम सब साक्षी होंगे। उक्त उद्गार विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में व्यक्त किए।

प्रधानमंत्री जन मन योजना से स्वीकृत 2 करोड़ से अधिक की राशि से दो अलग-अलग क्षेत्र में निर्मित होने वाली सड़कों का भूमि पूजन विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने मंगलवार को किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिवासी बाहुल्य ग्राम गमोलीखेड़ी को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए गमाखर से गमोलीखेडा रोड़ का निर्माण एक करोड़ व्यालीस लाख अड़तीस हजार रुपए की लागत से किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण होने से आदिवासी बाहुल्य ग्राम गमोलीखेड़ी मुख्य मार्ग से जुड़ जाएगा। वही परसोरा से गुलाबगंज मुख्यमार्ग को जोड़ने के लिए परसौरा तक रोड़ निर्माण नव्वे लाख अस्सी हज़ार रुपए की लागत से किया जाएगा। इन दोनों सड़कों का भूमि पूजन विधायक हरिसिंह रघुवंशी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सड़क निर्माण की भूमि पूजन के अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का पुष्पमाला पहनकर स्वागत किया एवं उनका सड़क निर्माण की मंजूरी पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि जनपद देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि कपिल रघुवंशी, गमाकर सरपंच कमल सिंह रघुवंशी, मड़िया सेमरा सरपंच राजेश राय सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# उदयपुर में हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान नीलकंठेश्वर की पावन नगरी उदयपुर एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने जा रहे वृहद् हिंदू सम्मेलन की तैयारियाँ पूरे वैभव और श्रद्धा के साथ गति पकड़ चुकी हैं। मंडल स्तर पर बैठकों के साथ गांव-गांव, गली-गली, मंडल-मंडल तक कार्यकर्ताओं की टोली सनातन संस्कृति, एकता, समरसता और भाईचारे का संदेश लेकर जन-जन तक पहुँच रही है।

सम्मेलन में हिंदू समाज की व्यापक उपस्थित और घर-घर तक सनातन की एकता का संदेश पहुंचाने के लिए गमाखर खंड के 15 विभिन्न मंडलों में कलश यात्राएँ, भव्य बाइक रैलियाँ और भूमिपूजन के कार्यक्रम जोश और श्रद्धा से प्रारंभ हो चुके हैं। उदयपुर में आयोजित हो रहे वृहद हिंदू सम्मेलन को रामानंदाचार्य संप्रदाय



के जगद्गुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज संबोधित करने के लिए पहुंच रहे हैं। हिंदू सम्मेलन के लिए 14 दिसंबर रविवार को शोभायात्रा उदयपुर मंडल के ग्राम उदयपुर भुंआरा, नरोदा, भिरगावली, देवीपुर, औरंगपुर बेरखेड़ी, बरोदिया, ढिमरोली आदि ग्रामों से शोभायात्रा दोपहर 11 बजे प्रारंभ होकर 12 तक उदयपुर पहुंचेगी। लंबे समय बाद क्षेत्र में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं का समर्पण और उत्साह इस सम्मेलन को आध्यात्मिक जागरण के महायज्ञ में परिवर्तित कर रहा है। नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में होने वाला यह आयोजन एकता, प्रेम और समरसता की जीवंत मिसाल बनकर समाज को नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा। शिव की नगरी में यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि एक संकल्प यात्रा बन चुका है, जिसमें समाज के सभी वर्ग, सभी मत, सभी परंपराएँ धर्म, देश और मानवता के नाम पर एक ही सूत्र में बंधे हुए दिखाई देंगे।

संपर्क के दौरान कार्यकर्ता भाइयों, मातृशक्ति और युवा शक्ति से परिवार सहित इस आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म, संस्कृति और संगठन की इस पुण्य यात्रा के साक्षी बनने का आग्रह कर रहें हैं। हिंदू सम्मेलन में आयोजित होने वाले सामूहिक भंडारे में जहां समरसता के साथ एकता का संदेश दिखाई देगा। वहीं सम्मेलन में देशभक्ति से ओतप्रोत काव्य पाठ और सांस्कृतिक एकता संस्कृति की झलक के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से देशभक्ति का संदेश मंच से दिया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से काव्य पाठ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से होगा। नामी कवि एवं कलाकार भारत की सनातन संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और धार्मिक सौहार्द्र पर आधारित काव्य और नाट्य प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन में जगद्गुरु डॉ रामकमलाचार्य वेदांती जी के प्रेरणादायक उद्बोधन के पश्चात मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में स्वयं जगद्गुरु श्रद्धालुओं के मध्य बैठकर प्रसादी ग्रहण करेंगे। 15 मंडलों में भूमिपूजन के साथ कलश यात्राएँ प्रारंभ हुई हैं। उदयपुर में कलश और ध्वज स्थापना के शुभारंभ पूजन के साथ गमाकर और हथोड़ा में भी पूजन संपन्न हो चुके हैं। अन्य मंडलों में भी पूजन की तैयारी के माध्यम से वातावरण भगवामय हो उठा है।

## विधायक के प्रयासों से जल्द डलेगी पाइप लाइन, व्यापारियों में खुशी की लहर

# शहर के मुख्य बाजार की दुकानों में अब बरसात का नहीं घुसेगा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा नपा अमला के साथ नगर के मुख्य बाजार में भ्रमण पर निकले। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने मुख्य बाजार में व्यापारियो को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारियो की वर्षो पुरानी समस्या का अब जल्द ही समाधान होने जा रहा है। मुख्य बाजार में जल्द ही पाइप लाइन का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिससे बारिश के समय में व्यापारियो की दुकानो में पानी भराने की समस्या से निजात मिलेगी। शहर में नल जल योजना का काम ठीक तरह से हो और जनता को इस योजना का पूरा लाभ मिले। साथ ही पुराने मोहल्लो व पुरानी वस्तियों में तथा बाजार में भी पाईप लाईन का कार्य जल्द ही प्रांरभ किया जाएगा। वही भविष्य में कभी भी क्षेत्रीय लोगों को इस योजना से परेशानी ना हो और शासन की योजनाओ का लाभ हर नागरिक को मिले। यही हमारी ओर हमारी सरकार की प्राथमिकता है। वही विधायक श्री शर्मा ने बताया कि अमृत 2 भारत सरकार की एक शहरी जल योजना है, जो सभी शहरों को जल सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ शुरू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य सभी शहरी घरों में कार्यात्मक नल कनेक्शन के माध्यम से पानी की आपूर्ति करना, सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन प्रदान करना, और जल स्रोतों का संरक्षण व पुनरुद्धार करना है, ताकि पानी का कुशल प्रबंधन हो सके और हर घर जल की अवधारणा शहरी क्षेत्रों में भी पूरी हो सके।

### कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के बैनर तले एसडीएम को सौंपा ज्ञापन यात्री बसों में वसूला जा रहे मनमाने किराया पर रोक लगाने की मांग




*सिरोंज। यात्री सुरक्षा दरकिनार करते हुए मनमाना किराया वसूली को लेकर कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष मोहन रघुवंशी के नेतृत्व में मंगलवार को एसडीएस के नाम नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सिरोंज तहसील अंतर्गत क्षेत्र में यात्री बसों में यात्रियों की सुरक्षा से समझोता एवं मनमाना किराया वसूली की घटनाएँ लगातार सामने आ रही है। इस कारण जनहित के मध्धेनजर सतत जॉच एवं औचक निरीक्षण की मांग संगठन द्वारा इस ज्ञापन के माध्यम से की जा रही है। वही उन्होने कहा कि सिरोंज में प्रवेश करने वाली प्रत्येक बस में यात्री सुरक्षा संबंधी मानदण्डों को पूरा करने की अनिवार्यता का सख्ती से पालन किया जाए। इमरजेंसी गेट, आग बुझाने के उपकरण का प्रमुखता से सभी बसों में होना सुनिश्चित हो। साथ ही यात्री बसों से जानवरों, बकरीयों एवं मुर्गा मुगियों को यात्रियों के साथ बिठाकर ले जाने पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। ग्रामीण रूट पर क्षमता से ज्यादा यात्रियों के बिठाने पर एवं अधिक किराया वसूलने पर कार्यवाही की जाए।*

## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

# महाविद्यालय में रक्तदान कर प्रस्तुत की गई मानवता के लिए नई मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी इकाई, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में एचडीएफसी बैंक के सहयोग से एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।



इस पुनीत कार्य में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश की। नैक तथा आईक्यूएसी प्रभारी प्रोफेसर अनामिका ठाकुर,भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ कल्पना पंचोली, एनसीसी अधिकारी डॉ शिव कुमार यादव तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रोफेसर महेश चन्द्र परमार के संयुक्त मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना और ब्लड बैंक के भण्डार में योगदान करना था। महाविद्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से शिविर का विधिवत प्रारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचन्द राजपूत के द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है क्योंकि यह जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के परिजनों ने भी रक्तदान किया। इस पावन आयोजन के सहयोगी एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों ने भी रक्तदान कर सराहनीय कार्य किया। जिला चिकित्सालय से आई अनुभवी डॉक्टरों की एक टीम ने पूरी प्रक्रिया की देखरेख की जिससे सुरक्षा और स्वच्छता मानकों को सुनिश्चित किया जा सका।

### विद्यार्थियों को रक्तदान के प्रति किया जागरूक

महाविद्यालयीन स्टाफ ने विद्यार्थियों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया तथा रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्त दाताओं को प्रमाण-पत्र और जलपान (फल और जूस) प्रदान किया गया। रक्तदान करने में छात्र-छात्राओं ने अत्यधिक उत्साह दिखाया। परिणाम स्वरूप शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में कुल 46 यूनिट रक्त सफलतापूर्वक एकत्र किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचन्द राजपूत ने रक्तदान शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि रक्तदान एक महान दान है जो कई लोगों की जान बचा सकता है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु एचडीएफसी बैंक सिरोंज जिला चिकित्सालय विदिशा, महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी शिक्षकों के अनुशासित प्रयासों की सराहना की।

## किसानों को समय पर बिजली व यूरिया, डीएपी की मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अनिरूद यादव के नेतृत्व में दर्जनो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्याल पहुचकर कलेक्टर विदिशा के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को एक ज्ञापन सौपा। वही ज्ञापन में किसानो को समय पर यूरिया व डीएपी के साथ सिचाई के लिए बिजली न मिलने की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि सिरोंज क्षेत्र के किसानों को इस समय खेतों में अपनी फसलों की बढ़ोत्तरी के लिए यूरिया और डीएपी की सख्त आवश्यकता पड़ रही है। किसान वेयरहाउस और प्राइवेट दुकानों के चक्कर लगाकर परेशान है और उन्हें यूरिया और डीएपी नहीं मिल रहा है। किसानों को अपने खेतों में सिचांई के लिए 10 घंटे लगातार बिजली देने का वादा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा किया गया था परंतु किसानो को मुश्किल से दिन में 3 घंटे और रात को 1 घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। तत्काल विद्युत की इस विकराल की खत्म किया जाए और किसानों को दिन में एक साथ 10 घंटे बिजली दी जाए। यदि उक्त दोनों मांगो पर तत्काल सुधार नहीं होता है तो युवक कांग्रेस द्वारा सिरोंज में एक बड़ा आंदोलन किसानो के समर्थन में किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्थानीन प्रशासन की रहेगी। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अनिरूद यादव सहित दर्जन युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# कॉलेज चलो अभियान में दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय द्वारा कॉलेज चलो अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक मॉडल विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करने हेतु नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की जानकारी दी गई। कॉलेज चलो अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आगे पढ़ाई के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी डॉक्टर शिव कुमार यादव , एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी प्रो महेश चंद्र परमार, छात्रवृत्ति एवं स्पोर्ट प्रभारी डॉ समृथ निनामा ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश लेने की जानकारी, प्रवेश फॉर्म भरने, किस प्रकार विषय चुने,स्कॉलरशिप, शासन की लाभकारी योजनाओं, ई-ग्रंथालय




की सुविधा तथा महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को महाविद्यालय का भ्रमण करने के लिए आमंत्रित भी किया गया जिससे वे महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, संसाधनों और उपलब्ध अवसरों को प्रत्यक्ष रूप से देख और समझ सकें। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य जितेंद्र बघेल एवं अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## चांदी का मुकुट भेंट कर भाजपा जिला अध्यक्ष को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**सिरोंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव जनपद सदस्य प्रतिनिधि पं प्रशांत पालीवाल ने भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी के निवास पर पहुचकर चांदी का मुकुट भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बब्लू रघुवंशी,रिंकू सोनी,देवेन्द्र शर्मा,योगेन्द्र रघुवंशी आदि उपस्थित थे।

# सतरावन रेत खदान मारपीट मामले के तीन नामजद आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी सूरज कट्टा कारतूस के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

विगत 5 दिसंबर को रेत खदान सतरावन पर रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों पर विभिन्न धाराओं का काउन्टर प्रकरण दर्ज किया था। घटना के बाद से पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दाल मिल रोड पर घेराबंदी कर 3 युवकों को पकड़ा घटना के आरोपी सूरज ठाकुर उम्र 26 वर्ष के पास अवैध देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने नर्मदा तट सतरावन में रेत और रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच हुई आपसी विवाद मारपीट की



घटना पर बीएनएस की धारा 296 बी (115 /2), (351/3), 3/5, का प्रकरण दर्ज कर घटना के नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस दल में टीआई कपिल गुप्ता, उपनिरीक्षक राम प्रसाद गोहे, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र इवने, आरक्षक अनिल अहिरवार की टीम ने सूरज ठाकुर को 315 बोर के अवैध कट्टा के साथ एक कारतूस के साथ पकड़ा।

वहीं दो अन्य आरोपी सचिन ठाकुर, रजत ठाकुर निवासी ग्राम सतरावन को भी गिरफ्तार किया। दर्ज प्रकरण में आम्र्स एक्ट की धारा 25/ 27 का इजाफा भी किया।

## बिदुआ बने जिला विकास समिति के सदस्य



**हरिभूमि न्यूज, बरेली।** वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ को जिला विकास सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इनके जिला विकास समिति सलाहकार समिति सदस्य बनाए जाने पर बरेली नगर सहित जिले भर के पत्रकारों ने खुशी का इजहार कर बधाई दी है। बधाई देने वालों में पत्रकार पवन सिलावट, सुरेश कुमार, मारुति द्विवेदी, संजय शर्मा, दामोदर साहू, संतोष मालवीय, सलमान खान, पुरुषोत्तम याज्ञवल्क्य, प्रभाकर तिवारी, कमल याज्ञवल्क्य, बुद्धिनारायण शर्मा, ब्रजेश ठाकुर, मनोज शर्मा, राहित चौधरी जावेद खान, सुरेश पाल बाड़ी आदि शामिल हैं।

### दो बाइक आपस में टकराई चार की मौत, एक घायल

**सागर।** जिले में सागर - कानपुर हाईवे पर एक दर्दनाक हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। और एक घायल हो गया। सागर कानपुर हाईवे पर सोमवार की रात को बंडा के ग्राम रुरावन के पास दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार चार लोगों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर घायल हुआ है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही छानबीला थाना पुलिस और एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि मौके पर पहुंचे। मामले की जांच शुरू की। शवों का पंचनामा बनाकर बंडा अस्पताल भेजे गए हैं। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात सागर-कानपुर हाईवे पर एक बाइक बंडा से शाहगढ़ की ओर जा रही थी।

# शीतलहर से रात का पारा पहुंचा 10 डिग्री से भी नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

दिसंबर के महीने की शुरुआत से ही रिकॉर्ड ठंड का प्रकोप बना हुआ है शीत के प्रकोप और चल रही शीत लहर के कारण लोग दिन-रात कांपते नजर आ रहे हैं।24 घंटे गर्म कपड़ों का उपयोग करने के बाद भी ठंड से हाथ पैर शरीर के बाहरी भाग ठुठरने की स्थिति बन रही है।दोपहर 10 - 11 बजे से शाम तक तो ठीक परंतु रात का अंधेरा होने के साथ ठुठरने से बचाव करना कठिन हो जाने से लोगों की दिनचर्या भी बदल रही है।

दिसंबर में ठंड तो अच्छी पड़ती है संपूर्ण क्षेत्र में नहरों ट्यूबवेलों का पानी खेतों खेत फैल जाने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। ठंड प्रकोप के असर से दिन 10 घंटे का और रात है



14 घंटे की लंबी हो रही है। सुबह 7 बजे के आसपास सूर्योदय हो रहा है शाम 5 बजे के आसपास सूर्यास्त होने और रात का तापमान नीचे आ जाने से रात 8 बजे तक बाजारों सडक़ों पर सन्नाटा छाने की स्थिति बन रही है।

### तापमान में भारी गिरावट

पूस का महीना शुरू हो गया है पूस का महीना शीत प्रकोप के लिए जाना जाता है अभी पूस के महीना की शुरुआत में जिस प्रकार शीत का भारी प्रकोप बना हुआ है शीत लहर भी चल रही है।उससे लोगों की दिनचर्या भी बदल रही है दिन कब खत्म हो जाता है लोगों को पता ही नहीं चल पा रहा।

क्षेत्र में खेतों का पलेवा बखरनी और रवि फसलों की बोबनी किसानों द्वारा की जा रही है खेतों के पलेवा में रतजगा और आग तापने अलाव का सहारा बना रहता है।अभी तक नगर पंचायत द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की है।

## अमृत तालाब योजना में तालाब निर्माण पर हो रही लाखों की राशि खर्च

# तालाब बने कूड़ादान, अतिक्रमण से हो रहे गायब

### बाड़ी जनपद की 106 ग्राम पंचायत के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हैं 100 छोटे एवं बड़े तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

बाड़ी जनपद पंचायत जिसके अंतर्गत बरेली एवं बाड़ी तहसीलों के लगभग सवा दो सौ ग्राम आते हैं 106 ग्राम पंचायत है। ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 100 तालाब राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है लगभग 40 बड़े तालाब और अन्य छोटे तालाब है।

यह तालाब कभी ग्रामीणों की सभी पानी संबंधी आवश्यकताओं को पूर्ति करते थे। हैंडपंप ट्यूबवेल और नल जल योजनाओं के कारण तालाब उपेक्षा का शिकार होकर कूड़ा दान में बदल गए। तालाबों की भूमियों के आसपास लोगों द्वारा अतिक्रमणकर मकान खलिहान बना लेने के साथ खेती करने से तालाबों का अस्तित्व भी समाप्त होने की स्थिति में आ गया है।



### अमृत खेत तालाब योजना पर करोड़ों खर्च

जनपद क्षेत्र और बाड़ी बरेली तहसीलों के तालाब कूड़ा दान उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं वहीं दूसरी ओर केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जल संरक्षण भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के लिए अमृत सरोवर खेत तालाब योजना के द्वारा ग्रामों में तालाबों के निर्माण पर लाखों करोड़ों की राशि खर्च की जा रही है। पिछले महीनों में बाड़ी जनपद के ग्रामों में सैकड़ों अमृत तालाब और खेत तालाब योजना के अंतर्गत तालावों का निर्माण किया गया। लाखों करोड़ों की राशि तो खर्च हो गई परंतु कितने तालाब हकीकत में बनाए गए या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए यह विस्तृत जांच और कार्रवाई का विषय बना हुआ है।

### सीमांकन कर तालाबों से हटाए अतिक्रमण

बाड़ी जनपद के ग्रामों में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज तालाब अतिक्रमण और खेती से गायब हो रहे हैं। अनेक ऐसे ग्राम हैं जहां एक नहीं दो-तीन तक तालाब हैं। यदि योजना बनाकर इन प्राचीन तालाबों की साफ सफाई गहरीकरण कर दिया जाए तो ग्रामीण तालाब भूमि गत जलस्तर बढने के साथ जल संरक्षण के लिए उपयोगी हो सकते हैं। सबसे पहले तालाबों का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाया जाना जरूरी है। किनगी, छींद, छुछाहर, भोडिय़ा, सिलवाह, कामतोन, गुरारिया, अमरावत कलां, सेमरी खोजरा, चैनपुर, समनापुर काछी, मोकलवाड़ा, उटिया पीथमपुर, नयागांव कलां, महेश्वर, बाग पिपरिया के तालाबों पर अतिक्रमण के कारण उन्हें ढूंढना भी कठिन हो गया।

# मंडी में प्रतिदिन बासमती धान की भारी आवक से प्रांगण भी लबालब

### बासमती धान के भाव अच्छे मिलने से किसानों के चेहरे पर खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन हजारों कुंटल बासमती धान की आवक हो रही है। पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष धान की आवक की शुरुआत से भाव अच्छे बने रहने से क्षेत्र के धान उत्पादक किसानों में खुशी और संतोष का भाव दिखलाई दे रहा है। नर्मदा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामों में खरीफ सीजन में धान की खेती मुख्य हो जाने से क्षेत्र में लाखों क्विंटल बासमती धान का उत्पादन कर किसानों द्वारा देश प्रदेश का चावल भंडार भरा जा रहा है।

मोटी किस्म की धान तो सरकार द्वारा समर्थन मूल्य घोषित कर खरीद की जाती है। परंतु बासमती धान का कोई समर्थन मूल्य नहीं होता चावल निर्माता कंपनी चावल मिले एवं दिल्ली, पंजाब से आए बाहरी



व्यापारियों और क्षेत्र में लगी बड़ी चावल मिलों के द्वारा ही बासमती धान के भाव तय कर प्रतिदिन मंडी में नीलामी से हजारों क्विंटल धान की खरीद की जाती है। इस वर्ष धान के भाव 3750 प्रति क्विंटल तक आ जाने से किसानों में राहत का माहौल बना नजर आ रहा है।

पिछले 15 वर्षों से बाड़ी बरेली उदयपुरा के हजारों किसानों द्वारा बासमती धान का लाखों क्विंटल उत्पादन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। 10 वर्षों से क्षेत्र में उत्पादित बासमती धान को जीआई टैग की मांग बनी हुई है। क्षेत्र में प्रति वर्ष लाखों क्विंटल बासमती धान का उत्पादन होता है धान की खरीद व्यापक स्तर पर पंजाब दिल्ली हरियाणा के व्यापारियों चावल निर्माता नामी कंपनियों द्वारा की जाती है।

## नियमों का पालन कराना जिम्मेदारों को कोई परवाह नहीं, उपज बेचने आए किसान हो रहे परेशान

# उपज बेचने के बाद राशि लेने में किसानों को करना पड़ता है घंटों इंतजार, मंडी में लापरवाही बेशुमार...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

स्थानीय कृषि उपज मंडी में इन दिनों भारी अव्यवस्थाओं का बोलबाला है, जिससे किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। किसानों की फसल व्यापारियों द्वारा खरीद तो ली जाती है, परन्तु भुगतान के लिए उन्हें परेशान किया जाता है। उपज की राशि की भुगतान की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि घंटों तक अन्नदाताओं को परेशान होना पड़ता है।

अनाज मंडी में नियम होने के बावजूद किसानों को व्यापारी पर्ची थमा कर भुगतान के लिए नियत तारीख तय करते हैं, तब ही किसानों को राशि का भुगतान हो पता है वरना भटकने के अलावा कोई चारा नहीं है। उपज राशि के भुगतान के लिए व्यापारी कभी घर तो कभी दुकान, गोदाम या अन्य स्थानों पर किसानों को बुलाते हैं। खासकर दूर दराज से आने वाले किसानों को घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। हालांकि मंडी प्रबंधन का नियम है कि मंडी अधिनियम के तहत किसानों को निर्धारित समय पर ही राशि का भुगतान करना चाहिए, लेकिन ऐसे में नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है जिससे किसान परेशान है।

### समय की होती है बर्बादी, लूट का भी बना रहता है खतरा

◆ किसानों के रुपए छुड़ाने, जेब या थैले से रुपए निकालने या लूट होने की वारदातें आए दिनों सामने आती रहती हैं। ऐसे में जब किसान किसी अनजान जगह पर बड़ी रकम लेने जाते हैं, तो असुरक्षा बनी रहती है। आसपास कई क्षेत्रों में पहले ऐसी लूट की घटनाएं भी हो चुकी हैं। जिससे किसान मानसिक रूप से भयभीत रहते हैं। इसके अलावा दिनभर की मेहनत के बाद जब उन्हें अनाज मंडी के बजाय शहर भर में व्यापारी खोजने पड़ते हैं, तो पूरे दिन का समय खराब होता है। साथ ही भुगतान लेटलतीफ होने से किसानों की बुवाई, खाद बीज खरीद, मजदूरी और घर चलाने की योजनाएं भी प्रभावित होती हैं।



### मंडी प्रशासन शून्य, शिकायतों के बाद भी नहीं होती है कोई कार्रवाई

किसानों द्वारा पहले भी मंडी सचिव सहित संबंधित अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं। शिकायत में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि यह प्रक्रिया नियमों के विरुद्ध है और किसानों की सुरक्षा के लिए खतरा है। किसानों का कहना है कि आज तक मंडी प्रशासन ने न तो व्यापारियों को चेतावनी दी और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की।

### किसानों का आरोप - व्यापारियों और अधिकारियों में साठगांठ

किसानों ने बताया कि जब हम समस्याओं को लेकर जब मंडी प्रबंधन के अधिकारियों से व्यापारियों की शिकायत करते है तो अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है, जिससे व्यापारियों से सांठगांठ होने का अंदाजा लगाया जा सकता है। जिसके चलते हमें परेशानी झेलना पड़ती है। बैंकिंग सुविधा भी उपलब्ध रहती है, लेकिन कृषि उपज मंडी में इस नियम का पालन नहीं हो पा रहा है।

### किसानों की मांगें

- नियम के अनुसार कृषि उपज मंडी परिसर में ही भुगतान को अनिवार्य किया जाए।
- नियम तोड़ने वाले व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएं एवं लाइसेंस निलंबित किए जाएं।
- कृषि उपज मंडी द्वारा परिसर और नीलामी स्थल पर सुरक्षा और निगरानी बढ़ाई जाए।
- कृषि उपज मंडी सचिव द्वारा जवाबदेही तय की जाए।

**इनका कहना है**

इसके लिए लाइसेंसी व्यापारियों को गोदामें भी दी गई है। घरों से भुगतान करने का नियम नहीं है। इसके लिए दिशा निर्देश जारी करते हैं।

**- वीरेंद्र सिंह ठाकुर,** सचिव, कृषि उपज मंडी रायसेन।

### व्यापारी की तलाश करना हो रहा बड़ा मुश्किल

भुगतान की राशि लेने आए किसान विजेंद्र सिंह यादव, भूजेंद्र सिंह जादौन, रामपाल ठाकुर, केशव सिंह, रिजवान खान, शराफत अली ने बताया कि अनाज मंडी में उपज विक्रय के बाद जब भुगतान राशि लेने किसान आते हैं तो व्यापारी दुकान से गायब रहते हैं। व्यापारी दशहरा ग्राउंड में नीलामी में हिस्सा लेने सहित बैंकों के कार्य में भी कभी-कभी व्यस्त रहते हैं। इस कारण भी भुगतान राशि काफी विलंब होता है। अनाज कारोबारियों को गल्ला दुकानों पर घंटों तक ढूंढते रहते हैं तब कहीं जाकर उनकी उपज की राशि का भुगतान हो पाता है। कई दफे बाहर के किसानों को व्यापारियों को ढूंढ़ने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। अनाज व्यापारी का पता पूछने पर यह डर भी लगता है कि कहीं कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा भुगतान राशि लूटने के लिए। वहीं मंगलवार को भी व्यापारियों की दुकानों पर किसानों की लाइन भुगतान के लिए लगी रही। यह लाइने शाम 6 बजे से रात की 8 बजे तक भुगतान के लिए घंटों लगी रही।

## अज्ञात कारणों से 18 वर्षीय युवती ने लगाई फांसी, मौत

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अंबाडी के गांव बांसिया टपरा में 18 वर्षीय जमना बाई सहरिया पिता स्व. धारू सिंह सहरिया निवासी बांसिया टपरा ने अज्ञात कारणों से मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे अपने घर के पाइप से चादर बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन नीचे उतारकर प्राथमिक स्वास्थ्य दीवानगंज ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस द्वारा पंचनामा बनाकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का हुआ निराकरण

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

# बगैर रॉयल्टी के अवैध रूप से गिट्टी परिवहन करते डंपर किया बरामद

### क्षेत्र के अवैध ईंट भट्टों के धुंए से फैल रही बीमारियां, नहीं होती कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

खनिज विभाग की उडऩदस्ता टीम ने भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर बगैर रॉयल्टी के गिट्टी का परिवहन करते एक डंपर एमपी 04 एचई 3918 पर कार्रवाई की है। कार्रवाई कर नियम पूर्वक स्थानीय सलामतपुर पुलिस के सुपुर्द किया है। खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उड़नदस्ता की टीम द्वारा सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल विदिशा हाइवे 18 मार्ग पर खनिज परिवहन करते हुए गाड़ियों पर कार्रवाई की जा रही है।

इस दौरान अवैध रूप से बगैर रॉयल्टी के गिट्टी से भरे हुए डंपर को ज़ब्त किया है। अवैध परिवहन करते पाए जाने पर गिट्टी डंपर को कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग द्वारा स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। खनिज विभाग के अधिकारियों के मुताबिक वाहन मालिकों पर जुर्माना किया जाएगा। शिकायत मिलने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी सलामतपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से ईंटों का परिवहन करते हुए तीन वाहनों पर कार्रवाई की गई थी। गौरतलब है कि आसपास



क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से ईंट भट्टो का संचालन किया जा रहा है। और ये ईंटें भोपाल भेजकर अधिक कीमत पर विक्रय की जाती है।

खनिज विभाग महीने में एक दो बार ही कार्रवाई कर खानापूर्ति कर लेता है। जबकि यहां पर बिना परमीशन के सैंकड़ों भट्टे संचालित हो रहे हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि ईंट भट्टों के धुएं से गांवों में सांस की बीमारियां फेल रही हैं। जिससे बच्चे भी पीड़ति हो रहे हैं। ग्रामीणों ने रायसेन कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है।

### तेज रफ्तार ने फिर छीनीं दो जिंदगियां

# दो बाइकों की भीषण भिड़ंत में दो की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

» बेगमगंज-सुल्तानगंज मार्ग पर लोहा मिल के सामने हुआ हादसा

जिले के बेगमगंज-सुल्तानगंज मार्ग पर लोहा मिल के सामने दो बाइकों की आमने सामने हुई भीषण भिड़ंत में दोनों बाइक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने गंभीर घायल को सागर के मेडिकल हॉस्पिटल रेफर किया।

बेगमगंज एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 9 बजे लोहा मिल्स के सामने दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से एक बाइक पर सवार द्वारका आदिवासी पिता मूरत सिंह आदिवासी 25 वर्ष की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक सवार करन सिंह पिता



बारेलाल 22 वर्ष की भी मौत हो गई और इनके साथ पीछे बैठा सोमराज पिता हरिनारायण 40 वर्ष निवासी कीरतपुर गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे सिविल अस्पताल बेगमगंज में भर्ती कराया गया। लेकिन उसकी भी स्थिति नाजुक होने के कारण सागर के मेडिकल हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

### एसपी से आवेदिका संजना राय ने आवेदन देकर लगाई गुहार

# 10 महीने बाद भी 3 लाख नगदी सहित जेवरातों की चोरी का नहीं हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को एसपी ऑफिस में आयोजित जनसुनवाई में अमरावद कलां की आवेदिका संजना राय पत्नी बृजेंद्र ने एसपी आशुतोष गुप्ता को शिकायती आवेदन सौंपा।

आवेदन में बताया कि बीते 3 फरवरी 2025 को अमरावद कलां थाना बाड़ी निवासी संजना राय अपने मायके गई थी, तभी मौके का फायदा उठाकर पड़ोसी रामलाल कहार उसकी पत्नी भावना कहार जो कि फरियादी के घर में बर्तन धोना खाना बनाना आदि कार्य करते है, जो घर में घुस गए। पति-पत्नी दोनों ने घर में से लगभग 3 लाख रूपए नगदी सहित करीब 19 लाख रुपए कीमती सोने-चांदी के जेवरात



चोरी कर फरार हो गए। जब संजना घर लौटीं तो चोरी का पता चला।

फरियादी ने बाड़ी थाने में शक के आधार पर रामलाल और भावना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। लेकिन बाड़ी थाना प्रभारी राजेश तिवारी द्वारा जेवर चोरी होने की बड़ी वारदात के खुलासा करना तो दूर की बात उल्टे टीआई तिवारी ने फरियादी संजना को धमकी देने लगे कि घर चली जाओ वरना रामलाल पर जानलेवा हमले के आरोप में केस रजिस्टर्ड कर दिया जाएगा।

फरियादी संजना राय ने मीडिया कर्मियों से चर्चा में बताया कि जिले के कर्तव्यनिष्ठ ईमानदार नए एसपी आशुतोष गुप्ता की तेज तर्रार कार्यशैली बेहतर है उनसे उम्मीद है कि वे चोरी की इस बड़ी वारदात को सुलझाने में कड़ा एक्शन लेंगे।

नवागत एसपी आशुतोष गुप्ता ने मीडिया कर्मियों को बताया कि इस बड़ी चोरी के मामले में हमने एसडीओपी नीलम चौधरी को दिशा निर्देश दिए हैं जल्द ही चोरी की इस बात का खुलासा कर दिया जाएगा और आरोपियों को जेल के सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# जिला नजूल निर्वतन समिति की बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में शासकीय विभागों एवं उपक्रमों को विकास कार्यो के लिए भूमि आवंटित करने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला नजूल निर्वतन समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अनुविभागवार भूमि आवंटन संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए। बैठक में बेगमगंज स्थित भूमि खसरा नम्बर 233 रकबा 1.174 हैक्टेयर में से लिक्विड वेस्ट मेनेजमेंट प्रोजेक्टर फॉर एसटीपी कंस्ट्रक्शन के लिए मप्र शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के नाम 2500 वर्गमीटर भूमि हस्तांतरित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

इसी प्रकार उदयपुरा स्थित भूमि खसरा नंबर 14 रकबा 1.032 हेक्टेयर में से लिक्विड वेस्ट मेनेजमेंट परियोजना के लिए मप्र शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को दो हजार वर्गमीटर भूमि हस्तांतरित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर के नाम सीईओ को रोजगार सहायकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

लंबित मांगों का निराकरण ना होने से परेशान ग्राम रोजगार सहायक अब आरपार की लड़ाई के मूड में आ गए है। ग्राम रोजगार सहायको ने मंगलवार को कलेक्टर केनाम जनपद सीईओ को सामूहिक अवकाश पर जाने का आवेदन दिया। ग्राम रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष ब्रज मोहन रघुवंशी के नेतृत्व में अनेक ग्राम रोजगार सहायक जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे। यहां पर जनपद सीईओ नीलम रायकवार को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्राम रोजगार सहायक संगठन बार-बार अपनी मांगों को लेकर निवेदन पत्र ज्ञापन सौंप चुका है, परंतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर रोजगार सहायकों की अपेक्षा की जा रही है और एक भी मांग आज दिनांक तक पूरी नहीं की गई है जिससे हताश रोजगार सहायक

» 4 दिन के सामूहिक अवकाश पर जाने की दी चेतावनी




सामूहिक अवकाश पर जाने के लिए विवश हैं। समस्त रोजगार सहायक 10 दिसंबर से 13 दिसबर तक कुल 4 दिन के सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। यह भी उल्लेख है कि अन्य विभागों में आंगनवाड़ी, स्कूल, पटवारी आदि सभी को शासन द्वारा मोबाइल टैबलेट प्रदान किए हैं जबकि सर्वाधिक ऑनलाइन कार्य ग्राम रोजगार सहायक द्वारा जमीनी स्तर पर किया जाता है फिर भी आज तक मोबाइल प्रदान नहीं किया गया जबकि अन्य जिलों और जनपदों में इस संबंध में आदेश किए गए हैं। अतः तत्काल मोबाइल उपलब्ध कराए जाएं। ग्राम रोजगार सहायकों की वेतन व्यवस्था पूर्ण तरह से भंग हो चुकी है।

प्रदेश स्तर से समय पर वेतन प्राप्त नहीं हो रहा है फिर भी रोजगार सहायक अपनी पंचायत का कार्य संपन्न कर रहे हैं ऐसी स्थिति में उन्हें राहत देने हेतु तथा कार्य सुलभ बनाने हेतु नेट रिचार्ज एवं स्टेशनरी का भुगतान किया जाए एवं प्रति माह समय से शासन द्वारा तय राशि कार्यालय खर्चे से ग्राम रोजगार सहायकों को प्रदान की जाए। संचित घोषित होने हेतु शेष रोजगार सहायकों की घोषित किया जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्राम रोजगार सहायक मौजूद रहें।

# मुस्लिम त्योहार कमेटी ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

5 साल बाद भी नगर के एक मात्र कब्रिस्तान का निर्माण कार्य पूर्ण ना होने तथा अभी तक हुए गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की जांच कराने व निर्माण एजेंसी पर कार्रवाही की मांग को लेकर मुस्लिम त्योहार कमेटी व ईदगाह कमेटी नेमंगलवार को एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा तथा ज्ञापन में वर्णित तथ्यों पर कार्रवाही की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मुख्य कब्रिस्तान अत्यंत जर्जर और उपेक्षित स्थिति में है। नगर परिषद द्वारा लगभग पाँच वर्ष पूर्व 36 लाख रुपए की लागत से सीमांकन, समतलीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए कार्य योजना स्वीकृत की गई थी, जिसका ठेका एसएस कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स भोपाल को दिया गया था। किन्तु पाँच वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है। कब्रिस्तान का सीमांकन नहीं हुआ, निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हुआ, जिससे दीवारें फट गईं और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। पूरे परिसर में अव्यवस्था का माहौल है।

### पुलिस की मेहनत रंग लाई, मोबाइल वापिस पाकर खिल उठे चेहरे

# पुलिस ने लौटाए 10 लाख के चोरी हुए 75 मोबाइल

**पुलिस द्वारा जिले में गुम हुए मोबाइलों को ढूंढने चलाया जा रहा ऑपरेशन माय फोन अभियान**

» एसपी ने आमजन से की अपील - मोबाइल गुम हो जाए, घबराएं नहीं तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

» पुलिस ने साइबर सेल की मदद से ढूंढ निकाले जिलेभर से चोरी हुए करीब 10 लाख रुपए के 76 मोबाइल फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को एसपी आशुतोष गुप्ता द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें जिले भर में चलाए जा रहे ऑपरेशन माय फोन अभियान के तहत गुम हुए 76 मोबाइलों को सौंपा। अपने मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

एसपी ने मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए कहा कि जिलेभर से गुम हुए 76 मोबाइलों की कीमत लगभग 10 लाख रुपए है। जिन लोगों के मोबाइल गुम हो गए थे पुलिस ने साइबर सेल की मदद से उनको बरामद कर लिया है। सीईआईआर नामक पोर्टल की मदद से प्राप्त



शिकायतों के आधार पर एसपी श्री गुप्ता द्वारा ऑपरेशन माय फोन चलाया गया जिसके तहत जिले के थानों की मोबाइल खोजबीन की गई। साथ ही एक विशेष टीम का गठन किया गया। इन मोबाइलों को बरामद करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। पिछले एक माह की अवधि में रायसेन पुलिस ने जिले के भीतर और बाहर से कुल 76 गुमशुदा मोबाइल जप्त किए। सोमवार की शाम को मोबाइलों के वास्तविक मालिकों को पुलिस कंट्रोल रूम में बुलाकर उन्हें सम्मान सहित सौंपे गए। अपने मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने रायसेन पुलिस और साइबर सेल पुलिस को धन्यवाद दिया।

पुलिस आमजनों से यह अपील करती है कि यदि उनका मोबाइल गुम हो जाए, तो घबराएं नहीं तुरंत अलर्ट हो कर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करना है। ताकि जल्द ही कार्रवाई संभव हो सके।

# नहर की सफाई अधूरी, पानी का बहाव धीमा, किसानों में नाराजगी

### सफाई कर्मचारियों ने नहर की सफाई में निभाई सिर्फ औपचारिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा और अंबाडी में बनी सम्राट अशोक हलाली बांध की नहर की सही तरह से सफाई नहीं होने के कारण पानी अपनी रफ्तार से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। क्षेत्र की मुख्य नहर में सफाई कार्य पूरी तरह नहीं होने से पानी की आवाजाही पर असर पड़ रहा है। नहर के कई स्थानों पर कचरा, झाड़ियां और सिल्ट जमा होने के कारण प्रवाह धीमा पड़ गया है, जिससे निचले हिस्से के खेतों तक पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रहा है।

किसान कल्लू खान, प्रेम सिंह ठाकुर, महेश लोधी, जितेंद्र मीणा ने बताया कि सफाई औपचारिक रूप से शुरू तो किया, लेकिन कई हिस्सों में मशीनें नहीं पहुंचीं और न ही सफाई कर्मियों ने गहराई तक मिट्टी निकाली। इसके चलते पानी का बहाब धीमा हो गया, जिससे सिंचाई प्रभावित होने लगी है।

किसानों का कहना है कि अगर जल्द सफाई नहीं की गई तो आने वाली फसल को बड़ी हानि हो सकती है। उन्होंने विभाग से तुरंत कार्रवाई कर नहर की पूरी सफाई कराने की मांग की है, ताकि पानी सुचारू रूप से खेतों तक पहुंच सके।

